तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 11 जुलाई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 स्कूलों में छात्रों को नाश्ता देने योजना का तैयार हो रहा डीपीआर






# पाली ब्लॉक के बगरा से उड़ान तेलसरा, वन क्षेत्रों में लगेंगे बीएसएनएल के टॉवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीएसएनएल की संभागीय स्तर पर बुधवार को बिलासपुर में टीएसी मेंबरों की आहूत बैठक में जिले के वनांचल क्षेत्रों में बीएसएनएल की कनेक्टिविटी बढ़ाने हेतु टॉवर की कवरेज क्षमता का विस्तार करने के साथ वनांचल क्षेत्रों में नये टावर लगाने के संबंध में भी प्रस्ताव रखे गए। कोरबा के पाली ब्लॉक के बस्ती बगरा, मोरगा आदि को भी जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया।

अलग खबर

बैठक में सांसद ज्योत्सना महंत के प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रशांत मिश्रा ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभाग की सुविधा और समस्याओं के बारे में सुझाव दिए। जिसमें मनेंद्रगढ जिले के दूरस्थ सोनहत जनकपुर क्षेत्र के मोबाइल कवरेज की समस्याओं की चर्चा की। जीपीएम जिले के बसंतपुर और कारीआम में नए टावर लगाने। केवची के टावर के कवरेज को बढ़ाने ताकि अमरकंटक तक आसानी से कवरेज मिल सके। बस्ती बगरा से उड़ान तेलसरा, वन क्षेत्रों को कनेक्टिविटी से जोड़ने का प्रस्ताव रखा। मड़ई, चोटिया, मोरगा से अंबिकापुर तक कवरेज की व्यवस्था की जाए। बीएसएनएल की सुविधाओं में सुधार और इंटरनेट की दरों को कम करके अच्छी सुविधा प्रदान की जाए ताकि निजी कंपनी से मुकाबला कर सकते हैं। विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में 4 जी टावर के प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी गई और आने वाले समय में सुविधाओं के विस्तार का आश्वासन दिलाया गया। बैठक में बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़ संभाग के अधिकारी और टीएसी मेंबर शामिल हुए।

### बीएसएनएल की संभागीय बैठक बिलासपुर में हुई आयोजित

**खास बातें**

- टीएसी मेंबरों की बैठक में जिले से भी शामिल हुए सदस्य
- जिले के वनांचल क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने बीएसएनएल की योजना



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता की बैठक कल

**कोरबा।** जिला स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसके संबंध में जिला स्तरीय बैठक 12 जुलाई को दोपहर 12 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या साडा टीपी नगर में आहूत की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड क्रीडा प्रभारी, सर्व प्राचार्य शासकीय एवं अशासकीय हाई, हायर सेकेण्डरी स्कूल को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष का कोरबा प्रवास कल

**कोरबा।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन 12 जुलाई को कोरबा प्रवास पर रहेंगे। श्री वेंकटेश 12 जुलाई को प्रातः 10 बजे नवीन कलेक्टर सभागार में संबंधित अधिकारी सहित सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारियों की बैठक लेंगे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### गोपनीय परीक्षा सामग्री का वितरण 20 से

**कोरबा।** सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी द्वितीय मुख्य, अवसर परीक्षा वर्ष 2024 के गोपनीय सामग्री 20 जुलाई को प्रातः 10 बजे से समन्वय संस्था सेजेस कन्या साडा से वितरित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि मण्डल द्वारा निर्धारित दिनांक एवं समय पर समन्वय संस्था में उपस्थित होकर गोपनीय सामग्री प्राप्त करके संबंधित थाना, चौकी में जमा कराएं।

### खिलाड़ियों को किया गया प्रोत्साहन राशि का वितरण

**कोरबा।** राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों का सम्मान बैंक ड्राफ्ट (राशि) के माध्यम से किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रोत्साहन राशि का वितरण 11 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जाएगा। पदक प्राप्त खिलाड़ी जिनको प्रोत्साहन राशि वितरित की जाएगी उनमें समीर कुमार कंवर पिता गुरूवार सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी को कराटे 50 किलोग्राम वर्ग, सुरभि लाठिया पिता शांति लाल लाठिया संस्कार भारती हाईस्कूल डिंगापुर को नेटबॉल 14 वर्ष, रूचि विश्वकर्मा पिता कृष्णा विश्वकर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर को नेटबॉल 17 वर्ष में, पार्थ श्रीवास्तव पिता श्री राजेश श्रीवास्तव न्यू ऐरा प्रोगेसिव स्कूल रामपुर को तैराकी 200 मीटर तथा 400 मीटर को प्रोत्साहन राशि का बैंक ड्राफ्ट प्रदान किया जाएगा। उक्त संस्थाओं के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि प्रोत्साहन राशि की प्राप्ति के समय खिलाड़ियों के प्रावीण्य प्रमाण पत्र (मूलप्रति) के साथ छायाप्रति, विद्यालय का परिचय पत्र, ट्रैकसूट, जूता-मोजा(गणवेश) सहित विद्यालय के व्यायाम शिक्षक के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### गोताखोरों की मदद से अलग-अलग इंसानी टुकड़ों को बांध से किया गया बरामद

# युवक की हत्या कर लाश के कर दिए टुकड़े-टुकड़े बचने बैग और बोरे में बंद कर फेंक दिया बांध में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 30 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या कर उसके शव को हत्यारे ने टुकड़ों-टुकड़ों में तब्दील कर दिया और पुलिस से बचने के लिए हत्यारे ने बेहद शातिराना अंदाज में शरीर के अलग-अलग हिस्सों को बैग और बोरों में भरकर एक तालाब में फेंक दिया था। जब तालाब से बदबू उठने लगी तो ग्रामीणों को संदेह हुआ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस के होश फाख्ता हो गए। जहां एक स्कूली बैग में इंसान के शव मिले। फिर क्या था पुलिस के आला अधिकारी दल बल सहित मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से बांध की तलाशी कराई गई जहां इंसान के सिर, पैर, हाथ अलग-अलग बोरे व बैग में मिले हैं। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच में जुटी हुई है। युवक कहां का रहने वाला है कौन है उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के पड़ोसी राज्यों में संपर्क कर उसके पहचान की कार्रवाई में जुटी हुई है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गोपालपुर स्थित बांध में बहुत तेज बदबू आ रही थी। जब सुबह लगभग 9 बजे ग्रामीण दिशा मैदान के लिए पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक बैग से बहुत तेज बदबू आ रही है फिर क्या था इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो बैग को खोलकर देखा गया तो उनके होश फाख्ता हो गए और उन्होंने देखा कि एक स्कूली बैग में इंसान के दो पैर कटे हुए हालात में थे। फिर क्या था इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को दी गई। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी के निर्देश पर कटघोरा एडिशनल एसपी नेहा वर्मा, पाली थाना प्रभारी चमन सिंह सहित आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और बैग की जांच की गई जिसके उपरांत आला अधिकारियों के निर्देश पर गोताखोरों की एक टीम को बांध में उतारा गया। जहां घंटों मशक्कत के बाद अलग-अलग बैग और बोरों में भरे हुए इंसान के सिर, पैर, धड़ व हाथ सहित अन्य हिस्से अलग-अलग क्षेत्र से बरामद किए गए। साथ ही फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम द्वारा भी मामले की जांच की गई। जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर इंसानी टुकड़ों को फिलहाल अभी ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- चैतमा चौकी क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर बांध का मामला, पुलिस के आला अधिकारियों की टीम जुटी जांच में





तालाब के किनारे इस तरह बैग और बोरा मे भरी थी कटी हुई मानव अंग।

### हनी ट्रैप से जुड़ा हो सकता है मामला

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि जिस युवक की हत्या कर लाश को बांध में ठिकाने लगाया है इससे पुलिस हत्यारे के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि जिस युवक की हत्या की गई है वह हनी ट्रेप से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि पुलिस इस हत्या के मामले में हत्यारों के करीब भी पहुंच चुकी है और जल्द ही इस वारदात का खुलासा भी होने की संभावना जताई जा रही है कि आज देर शाम तक पुलिस इस सनसनीखेज हत्या के मामले का खुलासा भी कर सकती है और हत्या की वारदात में स्थानीय लोगों का भी हाथ होने की संभावना जताई जा रही है। देखना है कि पुलिस आखिर इस सनसनीखेज मामले को कब तक और कैसे सुलझाती है।

### बोरा और बैग में भर दिया गया था ईंट

कटघोरा एडिशनल एसपी नेहा वर्मा ने जानकारी दी बताया कि हत्यारे ने युवक की हत्या कर उसके शरीर के अलग-अलग हिस्सों को बैग और बोरों में भर दिया था और मामले का खुलासा ना हो और बॉडी बाहर ना आए इसके लिए हत्यारे ने बेहद शातिराना अंदाज में सभी बैग और बोरों में ईंट भर दिए थे ताकि मामले का पता ना चल सके लेकिन मामले का खुलासा हो गया। जिस तरह से युवक की हत्या की गई है इससे साफ है कि युवक की हत्या दूसरे स्थान में की गई है और लाश को गोपालपुर के बांध में ठिकाने लगाया गया है। भावना जताई जा रही है कि उसके शरीर के हिस्से अलग-अलग जो पाए गए हैं वे 4 से 5 दिन पुराने हैं।

### 1 जुलाई को आया था सऊदी अरब से

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि जिस युवक की लाश मिली है वह सऊदी अरब में काम किया करता था और 1 जुलाई को फिर से वह अपने वतन लौटा था। हालांकि इस मामले को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारियों से जानकारी मांगी गई तो फिलहाल अभी अधिकारी कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं लेकिन सूत्र बताते हैं कि युवक सीधे सऊदी अरब से यहां पहुंचा था। जहां मामला हनी ट्रेप से जोड़कर देखा जा रहा है तो वही मामले को लूटपाट से भी जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिसिया जांच बहुत तेजी से चल रही है। झारखंड रांची से युवक के परिजन गुरुवार की सुबह कोरबा पहुंचने वाले हैं जिनकी शिनाख्ती के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगा।

### झारखंड का रहने वाला हो सकता है युवक

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल से जो बैग व बोरा मिला है उसमें जांच के दौरान पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज पाए गए हैं। पासपोर्ट में झारखंड रांची निवासी वसीम अंसारी नामक युवक का नाम दर्ज है। फिलहाल पुलिस मृत युवक की पहचान के लिए झारखंड में वसीम अंसारी के परिजनों से संपर्क किया गया है और उसके परिजन झारखंड से कोरबा आ रहे हैं। उनके आने के बाद ही तय होगा कि जिस युवक की लाश तालाब में मिली है वह वसीम की है कि नहीं। फिलहाल पुलिस इस मामले में कुछ भी कहने से कतरा रही है। अब गुरुवार को झारखंड से वसीम का परिजन आएंगे इसके बाद ही मामला स्पष्ट होगा कि जो बांध में विभिन्न हिस्सों में इंसानी शरीर के टुकड़े पाए गए हैं वह वसीम की है या नहीं और यदि उसकी शिनाख्ती की कार्रवाई होती तो निश्चित तौर पर पुलिसिया जांच तेज होगी और आरोपियों के गिरेबान तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

### बीएमएस ने श्रम मंत्री से की न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग

**कोरबा।** भारतीय मज़दूर संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया से मिलकर ईएसआई और ईपीएफ पात्रता की उच्चतम सीमा दोगुनी बढ़ाने की मांग की। मौजूदा सीमाएँ बहुत कम हैं जो कि आय और कीमतों में वृद्धि के अनुरूप लम्बे समय से नहीं बढ़े हैं। उच्चतम वेतन सीमा में बढ़ोतरी से श्रमिकों का एक बड़ा वर्ग, जो अभी इन योजनाओं के लाभ से वंचित है, इनके दायरे में आ जायेगा और इनका लाभ उठा सकेगा। बीएमएस के प्रतिनिधिमंडल ने वेतन संहिता-2019 और सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 को शीघ्र लागू करने की भी मांग की। ये दोनों संहिताएं आम श्रमिकों के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक साबित होंगी। सामाजिक सुरक्षा संहिता 43 करोड़ असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों सहित सम्पूर्ण कार्य जगत को कई सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने वाली है।

### ठेकेदार संघ के अध्यक्ष का आरोप बेबुनियाद : वर्मा

**कोरबा।** नगर निगम कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष असलम खान द्वारा आयुक्त को प्रेषित पत्र में अधीक्षण अभियंता पर 4 प्रतिशत राशि शासन के अधिकारियों को देने की बात कहने संबंधी आरोप पूर्णता बेबुनियाद व मनगढंत है, निगम के अधीक्षण अभियंता एमके वर्मा के अनुसार असलम खान ने न तो उनसे मुलाकात की, न ही कोई चर्चा हुई फिर भी निराधार आरोप लगाया, ऐसे तथ्यहीन आरोप लगाने पर उनके विरूद्ध निगम वैधानिक कार्यवाही करने बाध्य होगा। अधोसंरचना विकास मद के लंबित देयकों के भुगतान के संबंध में वर्तमान में लगभग 1 करोड़ 81 लाख रूपये के देयक भुगतान हेतु लंबित हैं। इस संबंध में राशि प्रदाय करने हेतु शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया है।

# हाथियों के झुण्ड ने कुदमुरा में डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

9 शावकों के साथ 31 हाथियों के झुण्ड ने कोरबा वनमंडल अंतर्गत कुदमुरा जंगल के कक्ष क्रमांक पी-1140 में डेरा डाल दिया है। जिससे ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है। हाथियों का यह झुण्ड रायगढ़ जिले के छाल रेंज के हाटी परिसर से आया है जिसमें 7 नर, 11 मादा व 9 शावक शामिल हैं। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने से ग्रामीण दहशत में हैं वहीं वन विभाग द्वारा लगातार हाथियों की निगरानी की जा रही है। वन अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की हर गतिविधियों की जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दे रहे हैं। वहीं जंगल से लगे गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सावधान भी किया जा रहा है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं, अतः वे इनसे दूरी बनाए रखें। उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई, जटगा व एतमानगर वन परिक्षेत्र में हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। यहां के जंगलों में बड़ी संख्या में हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं। हाथियों के विचरण से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण, सुपरवाइजर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने अजीत वसंत हरदीबाजार में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र में बच्चे अनुपस्थित मिले। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शारदा राठौर से सवाल जवाब किया तो उन्होंने दोपहर 1 बजे बच्चों को छुट्टी देने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा आंगनबाड़ी संचालित करने का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित समयावधि से पूर्व बच्चों की छुट्टी कर देना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने संबंधित सुपरवाइजर श्रीमती हेमलता साहू को इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र में उपलब्ध खेल सामग्री, खाद्य सामग्री, वजन मशीन आदि की जानकारी ली और गर्भवती, शिशुवती महिलाओं तथा छोटे बच्चों को पोषण आहार समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन देने तथा हरी सब्जी बनाने के निर्देश भी दिए।



### उद्योग मंत्री देवांगन के प्रस्ताव पर कैबिनेट की मंजूरी

# जेम पोर्टल से होगी खरीदी, घोटालों पर लगेगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मुहर लग गई। अब सभी विभागों के द्वारा की जाने वाली खरीदी जेम पोर्टल से होगी। प्रदेश के 1687 वेंडर्स के आरसी निरस्त होंगे।

राज्य शासन भण्डार क्रय नियम 2002 के (यथा संशोधित 2022) में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। राज्य शासन के समस्त विभाग आदि आवश्यकतानुसार सामग्री, वस्तुओं एवं सेवाओं जिनकी दरें एवं विशिष्टियां भारत सरकार के डीजीएसएण्डडी की जेम वेबसाइट में उपलब्ध हो का क्रय जेम वेबसाईट से उनकी नियमावली निर्धारित प्रक्रिया पालन करते हुए क्रय करेंगे। अतिरिक्त आवश्यकता होने पर सामग्री, वस्तु एवं सेवाओं के क्रय के लिए वित्त विभाग की सहमति आवश्यक होगी। राज्य शासन में लगभग 114 आवश्यक सामग्रियों की आरसी जारी होती थी, जिसमें 1687 वेंडर्स का आर सी निरस्त होगा, इस निर्णय के साथ 9 सौ करोड़ से ऊपर की खरीदी अब सीधे जेम से होगा। मोदी सरकार द्वारा शासकीय खरीदी हेतु जेम पोर्टल लांच किया गया था, जिसे पूर्व भाजपा सरकार ने अपनाया था, इससे निर्बाध रूप से राष्ट्रीय दर पर सामग्रियों की खरीदी हो जाया करती थी, पर पिछली कांग्रेस सरकार ने इसे फिर से लागू कर दिया था, जिससे राष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धी दर का नुकसान हो रहा था। इसे शुद्ध करने के लिए स्थापित बिचौलिया सिस्टम समाप्त हो गया, इससे सीधे कंपनी या उत्पादक से सीधे खरीदी संभव हो पाएगा, विभागों में हो रही खरीदी में भ्रष्टाचार कम करने के दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होने वाला है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन के इस प्रस्ताव को मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने स्वीकार करते हुए सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय में मुहर लगा दिया। वर्तमान में प्रचलित सीएसआईडीसी के सभी रेट कान्ट्रेक्ट इस माह के अंत में निरस्त करने का भी निर्णय लिया गया। यह कदम भ्रष्टाचार निवारण की दृष्टि से लिया गया है।



लखन देवांगन

### जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ऐतिहासिक निर्णयः लखनलाल

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत यह बहुत बड़ा निर्णय है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की भाजपा की सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने जेम पोर्टल से खरीदी शुरू की थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे बदलते हुए पुनः सीएसआईडीसी के माध्यम से खरीदी प्रारंभ करवा दी गई थी। इस निर्णय से विभागीय खरीदारी में हर साल सैकड़ों करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार पर रोक लगने के साथ पारदर्शिता आएगी।

# मरीज को बातों में उलझाकर चोर ने पार कर दिया मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बिरधा गांव निवासी मनोज कुमार की पत्नी पिछले चार दिन से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती है। आगामी दिनों में उसका ऑपरेशन होना है। मनोज ने बताया कि रात में भोजन करने के बाद यहां पहुंचा और कुछ देर रुकने के बाद मरीज व अन्य सदस्य के लिए भोजन लाने की व्यवस्था की। कुछ देर के बाद जब वह अस्पताल के फीमेल वार्ड में लौटा तो उसे मालूम चला कि पत्नी का मोबाइल वहां पर नहीं है। यहां वहां तलाश करने पर कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद उसने नर्सिंग कक्ष में इसकी सूचना दी। फौरी तौर पर क्रॉस सर्किट कैमरे के कंट्रोल यूनिट को दिखाया गया। तब उसमें पता चला कि एक युवक मौके पर पहुंचा था और उसने मरीज को बातों में उलझाया। इसके बाद ही वहां पर रखा हुआ मोबाइल अपने कब्जे में लेकर चलता बना। वह कौन था और अस्पताल के इस वार्ड में क्यों आया था, इस बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं हुआ है। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के फीमेल वार्ड में अनाधिकृत लोगों की पहुंचने और इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं।

**खास बात**

- मेडिकल कॉलेज हास्पिटल था भर्ती

## खबर संक्षेप

### विसंगति व अनुशासनहीनता पर अधीक्षिका निलंबित

**बलरामपुर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में प्रवेश कार्य में लापरवाही और विसंगति पाए जाने पर अधीक्षिका श्रीमती यामिनी सिंह को आयुक्त सरगुजा संभाग द्वारा निलंबित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सेमरा की अधीक्षिका श्रीमती सिंह द्वारा प्रवेश संबंधी विसंगतियां तथा जनपद कार्यालय कुसमी में जाकर अनुशासनहीनता एवं गैर मर्यादित व्यवहार किया गया है। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के सर्वथा विपरीत है। उक्त कृत्य के लिए श्रीमती यामिनी सिंह (मूल पद व्याख्यता एलबी) कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सेमरा को आयुक्त सरगुजा द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्रीमती सिंह का मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा, सरगुजा संभाग अम्बिकापुर नियत किया गया है।

### बीईओ ने विद्यार्थियों को कराया 6वीं में प्रवेश

**बतौली/सेदम।** विकासखंड बतौली के पहाड़ी क्षेत्र ग्राम पंचायत गोविंदपुर एवं लोटापारा प्राथमिक स्कूल में अंकसूची और टीसी वितरण नहीं करने से छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी के मद्देनजर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया। खबर प्रकाशन के बाद न सिर्फ शिक्षा विभाग के अधिकारी हरकत में आए बल्कि आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल का निरीक्षण कर कक्षा पांचवी के 27 छात्र-छात्राओं को कक्षा छठवीं में प्रवेश दिलाया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी शरदचंद्र मेषपाल द्वारा प्राथमिक शाला गोविंदपुर और प्राथमिक शाला लोटापारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि पिछले 3 माह से कक्षा पांचवी के 27 छात्र छात्राओं टीसी और अंकसूची के लिए स्कूल का चक्कर लगा रहे थे। जिस पर बीईओ शरदचंद मेषपाल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों लापरवाह प्रधान पाठक तहसील राम पैकरा और रामनाथ राम जांच प्रतिवेदन तैयार कर निलंबन हेतु जिला अधिकारी को सौंपा गया है।

### दुष्कर्म के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, गए जेल

**अम्बिकापुर।** किशोरी से दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक शहर की एक किशोरी परिजन के साथ आकर गांधीनगर थाने में दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता किशोरी के अनुसार करंजी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुदामानगर के तुर्रापानी निवासी राजेश उर्फ छोटू देवांगन ने पीड़िता को पसंद करने का झांसा देकर 26 अप्रैल को अपने घर ले गया जहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। 7 जुलाई को पीड़िता राजेश से मिलने उसके घर गई जहां राजेश का भाई महेन्द्र दोनों को एक साथ देख लेने पर परिजन को बता देने की धमकी दी। इसी बीच राजेश किशोरी से विवाद कर चला गया तो महेन्द्र ने किशोरी को परिजन को बता देने का धमकी देते हुए उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने गत दिन परिजन के साथ घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई।

### मितानिन से सामूहिक दुष्कर्म, अपराध दर्ज

**राजपुर।** मितानिन के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली महिला मितानिन के रूप में काम करती है। 45 वर्षीया मितानिन 6 जुलाई को अपने बेटे के साथ किसी काम से डीपाडीह कला आई हुई थी। इस दौरान उसका पुत्र बलरामपुर चला गया था और महिला बेटे का इन्तजार डीपाडीहकला में कर रही थी। देर शाम तक जब पुत्र नहीं लौटा तो महिला पैदल ही शाम 5 बजे घर जाने के लिए निकल गई। महिला करमी के रास्ते घर जा रही थी। इसी दौरान सुनील यादव व दादूनाथ वहां पहुंच गए और अंधेरा होने का हवाला देकर महिला को घर छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठा लिया। महिला भी आरोपियों के झांसे में आ गई।

---

### प्रशिक्षुओं का आरोप- रेलवे की लापरवाही से हुई घटना

# ट्रेनिंग के दौरान बीसीएन डिपो में अप्रेंटिस की मौत, सहयोगी बोले करंट से गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मृतक

जोनल स्टेशन के करीब बीसीएन यार्ड में मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान एक अप्रेंटिस की करंट लगने से मौत हो गई। वह अपने सहयोगियों के साथ वैगन की वेल्डिंग के लिए गया था। घटना के बाद जब उसे रेलवे अस्पताल लाया गया तो वहां के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद प्रशिक्षुओं ने अस्पताल का घेराव कर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस घटना के लिए उन्होंने रेल प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर रेलवे के अधिकारी सकते में आ गए। आनन-फानन में एडीआरएम समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। इधर आरपीएफ की टीम गुस्साए प्रशिक्षुओं को समझाने का प्रयास करने लगी। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद उन्होंने हंगामा करना बंद किया। घटना सुबह 9:30 बजे की है। स्टेशन के करीब बीसीएन डिपो में अप्रेंटिस प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन्हीं में से एक महाराष्ट्र जलगांव निवासी प्रसाद गजानन काले अपने सहयोगी के साथ डिपो में मरम्मत कार्य के लिए पहुंचा, जैसे ही उसने मशीन लेकर वैगन में वेल्डिंग करने का प्रयास किया वह करंट की चपेट में आ गया। यह देखकर अन्य सहयोगियों ने उसकी जान बचाने का प्रयास किया। अचेत अवस्था में उसे तत्काल रेलवे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

**अस्पताल में मचाया हंगामा**

### अफसरों ने कहा- पीएम रिपोर्ट से होगा खुलासा



अप्रेंटिस की मौत के बाद रेलवे अस्पताल के सामने प्रदर्शन करते अप्रेंटिस।

#### मुआवजा व मृतक के परिवार से एक को नौकरी की मांग

मौत की खबर सुनते ही पूरे अप्रेंटिस रेलवे अस्पताल पहुंच गए। इसके बाद मौत के लिए रेल प्रशासन की लापरवाही मानकर जमकर हंगामा करने लगे। देखते ही देखते माहौल गरमा गया। हंगामा होते देख अस्पताल प्रबंधन ने आरपीएफ बुला लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद एडीआरएम भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षुओं को समझाने का प्रयास किया। लेकिन, वह मुआवजा व मृतक के परिवार से एक को रेलवे में नौकरी देने की मांग पर अड़ गए। करीब तीन घंटे हंगामा और रेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। एडीआरएम की सन्तोषप्रद आश्वासन के बाद ही उनका गुस्सा शांत हुआ। उसके बाद ही तारबाहर पुलिस शव का पोस्टमार्टम के लिए ले गई।

#### मांगने पर भी नहीं देते सुरक्षा उपकरण

प्रशिक्षुओं का आरोप है कि यह घटना रेलवे की लापरवाही की वजह से हुई है। जब गजानन काले ने काम करना शुरू किया तो उसके पास केवल टूल बाक्स ही था। सुरक्षा के नाम पर रेलवे ने ग्लब्स तक नहीं दिया। यदि वह ग्लब्स पहना हुआ होता तो करंट नहीं लगता। प्रशिक्षार्थियों ने एसएससी पर आरोप लगाया गया कि जब सुरक्षा उपकरण की मांग करते हैं तो उनके द्वारा मना कर दिया जाता है। धमकी भी दी जाती है कि ट्रेनिंग करनी है तो इसी व्यवस्था के बीच काम करना होगा। अन्यथा अनुपस्थिति लग जाएगी। महाराष्ट्र, बिहार सहित अन्य राज्यों से प्रशिक्षण लेने आए युवा यहां जाम जोखिम में डाल ट्रेनिंग कर रहे हैं।

#### जांच के बाद दिया जाएगा मुआवजा

घटना के संबंध में रेलवे प्रबंधन ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बीसीएन डिपो बिलासपुर में एक्ट अप्रेंटिस के तहत कार्यरत प्रसाद काले को कार्य के दौरान अचानक गिरते देख कर सहकर्मियों द्वारा उन्हें इलाज के लिए तुरंत रेलवे अस्पताल ले जाया गया। रेलवे अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस प्रशासन को इसकी तुरंत सूचना दी गई। साथ ही परिजन को भी इसकी जानकारी दी गई। मृत्यु होने के कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद ही चलेगा। यह बहुत ही दुखद घटना है। जांच के बाद कर्मचारी मुआवजा अधिनियम के तहत उनके परिजन को मिलने वाली राशि उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। भुसावल से आ रहे उनके परिजनों को रेल प्रशासन हर संभव सहायता पहुंचाएगा।

#### 6 हजार स्टाइपेंड बीमा भी नहीं

प्रशिक्षुओं ने बताया कि रेलवे प्रशिक्षण के नाम पर पूरा काम कराती है लेकिन इसके बदले हमें किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं देती। स्टाइपेंड के नाम पर महज 6 हजार रूपए दिए जाते हैं। मेडिकल सुविधा नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों को 10 लाख का बीमा मिलता है, लेकिन हम 1 साल काम करते हैं और हमारे लिए बीमा का कोई प्रावधान नहीं है।

---

# इंजीनियर से 1 करोड़ 30 लाख की ठगी करने वाला मिमिक्री आर्टिस्ट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### लड़की की आवाज निकालकर शादी करने का दिया झांसा



ठगी का खुलासा करते एसपी रजनेश सिंह।

लड़की की आवाज में शादी करने का झांसा देकर इंजीनियर से 1 करोड़ 30 लाख की ठगी करने वाले मिमिक्री आर्टिस्ट को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली गई है। उसके पास से 4 मोबाइल, 11 सिम कार्ड जब्त किया गया है। वहीं 35 से 40 बैंक खाते सीज किए गए हैं, जिसमें मात्र करीब 6 लाख रुपए होल्ड कराया गया है।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि सरकण्डा निवासी साफ्टवेयर इंजीनियर नितिन जैन अपने भाई से मिलने पूणे गए थे। इसी दौरान उनकी पहचान मैहर जैन कालोनी निवासी रोहित जैन 33 साल से हुई और उन्होंने शादी के लिए लड़की की तलाश करने की बात बताई। इसका फायदा उठाते हुए मिमिक्री आर्टिस्ट रोहित जैन ने लड़की की आवाज निकालकर इंजीनियर से संपर्क बढ़ाया। शादी करने के लिए लड़की खोजने की बात कहते हुए इंटरनेट से तीन लड़कियों की फोटो भेजी। इंजीनियर श्री जैन ने उसमें से एक लड़की को पसंद कर लिया। रोहित ने उस लड़की का नाम एकता जैन बताया और खुद लड़की की आवाज में एकता जैन बनकर बात करना शुरू कर दिया। अलग अलग सिम का उपयोग कर एकता जैन का भाई, जज व अधिकारी बनकर कई तरीकों का झांसा देकर 1 करोड़ 39 लाख 51 हजार 277 रुपए ठगी कर ली। दो दिन पहले इंजीनियर श्री जैन की रिपोर्ट पर साइबर थाना में अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ अपराध कायम कर जांच शुरू की गई। बैंक स्टेटमेंट व तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस टीम ने मध्य प्रदेश मैहर में दबिश देकर मैहर कटरा बाजार जैन एजेंसी वार्ड नम्बर 15 निवासी रोहित जैन पिता रमेश चंद्र जैन 33 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

#### मात्र 6 लाख रुपए होल्ड

पुलिस ने आरोपी के करीब 35 से 40 बैंक खातों को जांच के बाद फ्रीज कराया है। इसमें लगभग 6 लाख रुपए होल्ड कराया गया है। अन्य बैंक खातों की जांच की जा रही है। आरोपी आनलाइन बैटिंग एप, डी -24 के एवीएटर, तीन पत्ती, रमी, क्रिकेट पर दांव लगाकर सट्टा खेलने का आदी है। ठगी की रकम सट्टा में हार जाने की बात कही जा रही है।

#### हैदराबाद का जज बनकर 20 लाख जमा कराए

आरोपी ने पूणे जाकर नई कहानी बनाई और एकता जैन के परिवार का हैदराबाद में प्रापर्टी होना व बिक्री करने जाने की बात कही। नया सिम कार्ड खरीदकर इंजीनियर को हैदाराबाद के इंकम टैक्स के जज सुब्रममण्यम की बदली हुई आवाज में बात कर एकता की गिरफ्तारी होने का झांसा देकर 20 लाख रुपए विभिन्न खातों में जमा कराए।

#### चेन्नई टैक्स अधिकारी बनकर 15 लाख वसूले

आरोपी ने इंजीनियर को फोनकर एकता जैन की चेन्नई में भी प्रापर्टी का टैक्स जमा नहीं होने के कारण एकता की गिरफ्तारी की संभावना बताकर चेन्नई प्रापर्टी टैक्स अधिकारी रामकृषणन की बदली हुई आवाज में तमिल, हिन्दी, अंग्रेजी में बातकर 15 लाख रुपए विभिन्न बैंक खाते में जमा कराया।

#### एकता जैन बनकर 30 लाख ठगे

आरोपी रोहित ने एकता जैन बनकर लड़की की आवाज में शादी करने की बात तय की। उसके बाद बीमार होने व अन्य आवश्यकता होने का झांसा देकर इंजीनियर से 30 लाख रुपए विभिन्न बैंक खाते में जमा कराए।

#### आरबीआई अधिकारी बनकर 20 लाख लिए

आरोपी ने आरबीआई अधिकारी विनीत बनकर कहा कि इन्स्टेन्ट लोन एप के माध्यम से रकम अदायगी न कर पाने के कारण तुम जांच एजेंसियों की सिर्विलेंस में हो, पुलिस व ईडी अधिकारी तुम्हारे घर पर रेड करने वाले हैं। तुम दरवाजा मत खोलना और स्वयं इंजीनियर के घर का दरवाजा खटखटाने लगा और घर के बाहर फोटो खींचकर उन्हें भेजने लगा। गिरफ्तारी का भय दिखाकर 20 लाख रुपए विभिन्न बैंक खाते में जमा कराया।

#### भाई अंशुल जैन बनकर 30 लाख मांगे

आरोपी एकता जैन का भाई अंशुल बनकर नए आवाज में इंजीनियर से संपर्क कर अपनी बहन से विवाह की पारिवारिक सहमति दी। उसके बाद शेयर मार्केट में हानि होने, प्रापर्टी टैक्स पटाने, फैमली डिस्टयूट होने का हवाला देकर उनसे 30 लाख रुपए विभिन्न बैंक खाता में जमा कराया।

---

# तीर लगने से गंभीर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पिता द्वारा तीर से हमला करने से गंभीर हुए पुत्र की 11 दिन तक चले उपचार के बाद आईसीयू में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार वाड्रफनगर निवासी अर्जुन लाल आ. रतन लाल (25 वर्ष) 27 जून को छोटे भाई गुल्लू राम सहित गांव के अन्य लोगों के साथ बनारस काम करने जाने की तैयारी कर रहा था। इसी बीच अर्जुन व उसके भाई गुल्लू ने पिता रतन लाल को भी साथ काम करने जाने की बात कही। पिता ने दूसरे राज्य में काम करने जाने से मना कर विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि पिता-पुत्र के बीच मारपीट होने लगा। परिजन ने किसी तरह बीच बचाव किया। इधर पिता ने पुत्र को जान से मारने की धमकी देने लगा। छोटे भाई बाइक लेकर बाहर बड़े भाई का इंतजार करने लगा और जैसे ही अर्जुन मां पान कुंवर को काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला तभी पिता धनुष से सीधे पुत्र के सीने पर तीर से जानलेवा हमला कर दिया। तीर सीने में लगने से युवक मौके पर ही गिर गया। परिजन युवक को वाड्रफनगर अस्पताल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आईसीयू में 11 दिन तक चले उपचार के बाद युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने भेज दिया है।

### हितग्राहियों की दी गलत जानकारी, सचिव निलंबित

**सूरजपुर।** प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र अपात्र हितग्राहियों की गलत जानकारी देने के मामले में पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि गाम पंचायत पकनी व प्रभारी पंचायत सचिव रैसरा घनश्याम साहू द्वारा ग्राम सभा प्रस्ताव के माध्यम से प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र अपात्र हितग्राहियों के संख्या की जानकारी त्रुटिपूर्ण तरीके से प्रस्तुत की गई। इस मामले में पंचायत सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था लेकिन सचिव द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

# फूलीडूमर घाट पर पलटी बस, मची चीख पुकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

**खास बात**

- स्टेयरिंग फेल होने से हुई दुर्घटना, बाल-बाल बचे सवार



दुर्घटनाग्रस्त यात्री बस।

अंबिकापुर से रेणुकूट जा रही यात्री बस मंगलवार की सुबह फूली डूमर घाट उतरते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना का मुख्य कारण स्टेयरिंग फेल होना बताया जा रहा है। गनिमित रही कि समय रहते चालक ने बस को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया और बस की रफ्तार धीमी कर दी जिससे बस में सवार यात्रियों को ज्यादा चोटें नहीं आई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस द्वारा घायलों को निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसके बाद उन्हें प्रारंभिक उपचार के बाद दूसरे वाहन से गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि अंबिकापुर से छाबड़ा बस क्रमांक सीजी 15 डीडी 4346 यात्रियों को लेकर रेणुकूट जाने के लिए निकली थी। इस दौरान मंलगवार की सुबह बस बसंतपुर थाना अंतर्गत फूलीडूमर घाट पर पहुंची तो बस का स्टेयरिंग फेल हो गया और बस नियंत्रण से बाहर चली गई। इस दौरान बस चालक ने सूझ बूझ का परिचय देते हुए बस की रफ्तार कम की और धीरे धीरे बस को घाट से नीचे उतारा। बस घाट से नीचे आने के बाद सड़क किनारे पलट गई जिसके बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बसंतपुर थाना प्रभारी कुमार चन्दन के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा कांच तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया और उन्हें उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया। घटना के दौरान बस में लगभग 50 यात्री सवार थे। थाना प्रभारी ने बताया कि यदि चालक ने बस को नियंत्रित कर नीचे नहीं उतारा होता और घाट से बस के पलटने पर बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल यात्रियों को प्रारंभिक उपचार के बाद दूसरे वाहनों से गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

# बिना अनुमति कटवाए चार पेड़, शिक्षिकाओं से किया दुर्व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- संभागायुक्त ने जांच उपरान्त प्राचार्य को किया निलंबित

स्कूल परिसर में मौजूद हरे भरे पेड़ों को कटवाने और विरोध करने पर शिक्षिकाओं से दुर्व्यवहार करना प्राचार्य को महंगा पड़ गया है। शिकायत के बाद डीईओ द्वारा की गई जांच उपरांत संभागायुक्त ने प्राचार्य को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय राजपुर के प्राचार्य आईडी खलखो द्वारा बिना अनुमति के ही स्कूल परिसर में मौजूद चार हरे भरे पेड़ों को अवैध रूप से कटवा दिया गया। पेड़ों की कटाई करने का जब शिक्षिकाओं ने विरोध किया तो प्राचार्य ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इस मामले की शिकायत शिक्षिकाओं द्वारा डीईओ से की गई थी। शिकायत मिलने के बाद डीईओ द्वारा घटना की जांच की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि प्राचार्य आईडी खलखो द्वारा स्कूल परिसर में मौजूद चार बड़े पेड़ों की कटाई सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना कराई गई। इसके साथ ही शिक्षिकाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच प्रतिवेदन संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र के समक्ष पेश किया गया था जिसके अनुसार प्राचार्य द्वारा विद्यालय परिसर के 4 पेड़ों की कटाई तथा शिक्षिकाओं से दुर्व्यवहार करने की प्रथम दृष्टया पुष्टि हुई। प्राचार्य श्री खलखो का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के सर्वथा विपरीत है। उक्त कृत्य के लिए आई.डी. खलखो प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर को आयुक्त सरगुजा द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री खलखो का मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा, सरगुजा संभाग अम्बिकापुर नियत किया गया है।

---

### हमर पहुना कार्यक्रम में एसपी रजनेश सिंह ने शहर की समस्याओं पर की चर्चा

# अपराध सुलझाने पब्लिक की सहभागिता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कम्युनिटी पुलिसिंग शुरू की तो अब दिखने लगा कि सही-सही होता है और गलत गलत है। एनफोर्समेंट यानी कानून का पालन करने से ज्यादा जरूरी अपराध को रोकना या अपराध होने के बाद उसे सुलझाना जरूरी है। पुलिस पर भरोसा तब पब्लिक को लगेगा कि पुलिस की वजह से वह सुरक्षित हैं। उक्त बातें जिले के एसपी रजनेश सिंह ने मंगलवार को प्रेस क्लब के हमर पहुना कार्यक्रम में शहर की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि ऐसे कई अपराध हैं, जिसे सुलझाने में पब्लिक की सहभागिता बेहद जरूरी होती है। जमीन कब्जा हो या लिव-इन रिलेशनशिप में पहले कभी जल्द एफआईआर नहीं होती थी। हमने इस पर काम करना शुरू किया है। यातायात की पाठशाला में चेतना के तहत काम किया गया है। वहीं साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता के लिए पाठशाला प्रमुखता से चलाई जा रही है।

उन्होंने कहा साइबर के कई मामलों में दूर दराज या दूसरे राज्यों से भी अपराधियों को पकड़कर लाते हैं। अपराध जान लेना ही काफी नहीं, अपराधी तक पहुंचना जरूरी है। साइबर क्राइम में 25% सफलता मिलती है, तो बाकी 75% लोगों को आस बन जाती है कि उनका भी काम देर सवेर हो जाएगा।

### कानून का पालन कराने से ज्यादा जरूरी अपराध को रोकना या सुलझाना

#### अपराध पर अंकुश लगाने जागरूक करना जरूरी

महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध पर अंकुश लगाने व जागरूक करना जरूरी है। एसपी श्री सिंह ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध पर अंकुश लगाने जागरूकता फैलाने का काम शुरू किया गया है। सीनियर सिटीजन के बीच, किटी पार्टी व स्कूल में बच्चों के बीच खेल के माध्यम से साइबर अपराध को लेकर जागरूक करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मेरे बिलासपुर आते ही एक छोटी बच्ची के साथ क्राइम हुआ था, जो काफी संवेदनशील मामला था, जिसने मुझे इस दिशा में गंभीरता के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया।

#### लिव-इन-रिलेशन का मामला हमारा समाज स्वीकार नहीं करता

श्री सिंह ने बताया कि आधुनिकता और पाश्चात्य के बीच सामंजस्य बनाने की जरूरत है। उसके लिए बहुत जरूरी है कि हम मर्यादाओं का उल्लंघन न करें, क्योंकि आधुनिकता और पाश्चात्य के बीच एक बारीक लाइन होती है। हमें संस्कृति के साथ जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लिव-इन-रिलेशन का मामला हमारा समाज स्वीकार नहीं करता है। युवा इसको समझे और अपना ध्यान करियर बनाने में लगाएं और पढ़ाई करें।

#### लेफ्ट टर्न से हटेगा कब्जा सिग्नल समस्या करेंगे दूर

शहर में लेफ्ट टर्निंग के मामले में एक बेहतर काम करने जा रहे हैं। अवैध कब्जों की समस्या है, जिस पर कडाई से काम किया जाएगा। कुछ चौक-चौराहों को रिस्ट्रक्चर करना जरूरी है। महाराणा प्रताप चौक में ब्रिज मुहाने तक आ गया है, जिसकी वजह से परेशानी हो रही है। रिस्ट्रक्चर के साथ सिग्नल की भी समस्या खत्म हो।

#### रात 8 बजे से 12 बजे तक हेलमेट अनिवार्य

एसपी ने कहा कि ई-चालान के तहत ऐसे कार ड्राइवर को भी दायरे में लिया जाएगा, जो मोबाइल में बात करते हुए ड्राइविंग करते हैं। शहर के अंदर हेलमेट लागू नहीं होगा, शहर से बाहरी क्षेत्रों में हेलमेट का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। शहर के अंदर भी 8 से लेकर रात 12 बजे तक शराब पीकर वाहन चलाने वालों को हेलमेट अनिवार्य किया जाएगा।

# काम में लापरवाही, चार पंचायत सचिवों को नोटिस

**बिलासपुर।** जिला पंचायत सचिव ने कार्य में लापरवाही के मामले में 4 ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जवाब नहीं देने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसमें तखतपुर क्षेत्र के बहतराई ग्राम पंचायत के सचिव लालजी कौशिक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

इसमें कहा गया है कि छग राज्य ग्रामीण क्षेत्र एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र के विकास प्राधिकरण अंतर्गत वर्ष 2019-20 में 6 लाख रुपए की राशि सामूदायिक भवन निर्माण के लिए दी गई थी। यह काम आज तक नहीं हो पाया है। सीईओ ने तीन दिन के भीतर वर्तमान फोटोग्राफ्स के साथ उपस्थित होकर जवाब देने कहा है। इसी तरह तखतपुर क्षेत्र के साल्हेकापा के ग्राम पंचायत के सचिव सुखनंदन राठौर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इसमें कहा गया है कि 5 साल पहले सांस्कृतिक मंच के निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए की राशि स्वीकृत थी। यह काम आज तक पूरा नहीं हो सका है। इसके साथ ही कोटा क्षेत्र के झींगटपुर ग्राम पंचायत की सचिव आरती सुल्तान को नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि छग राज्य ग्रामीण क्षेत्र एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र के विकास प्राधिकरण अंतर्गत वर्ष 2019-20 में 6 लाख रुपए की राशि सामूदायिक भवन निर्माण के लिए दी गई थी। यह काम आज तक नहीं हो पाया है। सीईओ ने तीन दिन के भीतर वर्तमान फोटोग्राफ्स के साथ उपस्थित होकर जवाब देने कहा है। साथ ही कोटा क्षेत्र के सिरसहा ग्राम पंचायत के सचिव दशरुराम मरावी को को नोटिस जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटनाओं से बचने खम्भे, लाईन व ट्रांसफार्मर के निकट न करें वृक्षारोपण : धर

**कोरबा।** वर्तमान में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थानों, आम नागरिकों एवं राज्य शासन द्वारा पूरे प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत निजी एवं शासकीय भूमि में फलदार एवं अन्य पौधों का रोपण किया जा रहा है। वृक्षारोपण के दौरान कुछ पौधे विद्युत उपकेन्द्रों, खम्बों, ट्रांसफार्मरों के समीप लगाये जा रहे है, किंतु कुछ महीनों पश्चात ही वृक्षों की टहनियां बडी होकर विद्युत लाईनों को छूने लगती हैं, जिसके कारण विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं परिणामस्वरूप विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायतें लगातार प्राप्त होती है। कुछ स्थानों पर लाईनों के नीचे लगाये गये पौधे बडे होकर जीवित विद्युत लाईनों के संपर्क में आने से कभी भी गंभीर दुर्घटनाएं घटित हो सकती हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता ए.के.धर ने उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये सभी आम नागरिकों एवं स्वयंसेवी संस्थानों से अपील करते हुये कहा है कि वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्य विद्युत लाईनों अथवा उपकरणों से सुरक्षित दूरी (लगभग 10 मीटर) पर जिला प्रशासन, नगर प्रशासन, वनविभाग अथवा विद्युत कंपनी के संज्ञान में करावें ताकि भविष्य में विद्युत आपूर्ति बाधित होने जैसी समस्याओं का सामना न करना पडे।

### लीलागर नदी पर बने एनीकट का किया अवलोकन

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने हरदीबाजार में लीलागर नदी पर बनाए गए एनीकट का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग एसएल द्विवेदी से एनीकट के माध्यम से लाभान्वित किसानों की जानकारी ली। श्री द्विवेदी ने एनीकट निर्माण की वस्तु स्थिति की जानकारी देते हुए आसपास के किसानों को इससे लाभ मिलने की बात कही। कलेक्टर ने भविष्य में एनीकट निर्माण करने से पूर्व लाभान्वित किसानों की संख्या के आधार पर कार्ययोजना प्रस्तुत करने तथा अधिक से अधिक किसानों को इससे लाभान्वित करने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी कौशल सिंह पैंकरा, शांतनु विश्वास सहायक अभियंता उपस्थित थे।

### कोरबी धतूरा में शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन



**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्रीमती संतोषी पाटले, सरपंच श्रीमती संतोषी धनवार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहन राठौर, उपाध्यक्ष शिव राठौर, संकुल प्राचार्य वीरभद्र सिंह पैकरा, माध्यमिक शाला कोरबी के प्रधान पाठक आरआर श्रीवास, संकुल समन्वयक एस राठौर, माध्यमिक शाला छूइहापारा के प्रधान पाठक, एम कोसरिया ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव पर जागरूकता की जरूरत है ताकि समय पर बच्चों का स्कूलों में प्रवेश हो सके और निर्धारित समय सीमा के अनुसार अध्ययन अध्यापन का कार्य संचालन हो सके। प्राचार्य श्री पैकरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनुशासित जीवन का पालन करते हुए अच्छी शिक्षा प्राप्त पर विशेष रहा। इस अवसर पर स्कूल के व्याख्याता डीके लहरे, के मिंज, श्रीमती रश्मि तिवारी, राधिका सोनी, दीप्ति सोनी, मीनू कुमार लहीमोर, राजू प्रसाद सारथी, सुरेंद्र राठौर, संजय राठौर, आरआर श्रीवास, संजय साहू, अशोक जायसवाल, रविकांत, एनके डहरिया, अविनाश पैकरा, अविनाश कौशिक, शिवचंद पंकज, विजय कुमार जांगड़े, डीके पात्रे, श्री कश्यप, अशोक कंवर, राजेंद्र प्रसाद सारथी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रद्द ट्रेनों के कारण यात्रियों को वापस हो रहा टिकट का पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अकलतरा-नैला सेक्शन में साइडिंग कनेक्टिविटी और आटो सिग्नलिंग के काम के चलते रेलवे ने एक साथ रायगढ़-गोंदिया, जनशताब्दी समेत 21 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को 11 से 16 जुलाई तक रद कर दिया है। साथ ही 11 ट्रेनों को गंतव्य से पहले ही समाप्त करके यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। दिल्ली, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र जाने वाले कंफर्म टिकट वाले यात्रियों को फिर से अपना कार्यक्रम बनाना पड़ रहा है। अब तक रेलवे ने 10 हजार टिकटों का पैसा रिफंड किया है। जिन ट्रेनों को 11 से 16 जुलाई तक किया गया है उन ट्रेनों में 11 से 15 जुलाई तक ट्रेन नंबर 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस। 12 से 16 जुलाई तक ट्रेन नंबर 18114 बिलासपुर- टाटानगर एक्सप्रेस। 11, 12, 14, 15 व 16 जुलाई को ट्रेन नंबर 12070 गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस, 12, 13, 15, 16 व 17 जुलाई को ट्रेन नंबर 12069 रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस। 13 जुलाई को ट्रेन नंबर 18249 रायपुर-कोरबा,हसदेव एक्सप्रेस, 14 जुलाई को ट्रेन नंबर 18250 कोरबा-रायपुर,हसदेव एक्सप्रेस। 14 जुलाई को ट्रेन नंबर 18251 रायपुर-कोरबा,हसदेव एक्सप्रेस। 15 जुलाई को ट्रेन नंबर 18252 कोरबा- रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस। 12 से 16 जुलाई तक ट्रेन नंबर 08732 बिलासपुर-कोरबा मेमू स्पेशल। 12 से 16 जुलाई तक ट्रेन नंबर 08731 कोरबा-बिलासपुर मेमू स्पेशल। 11 से 15 जुलाई तक ट्रेन नंबर 08280 रायपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल। 12 से 16 जुलाई तक ट्रेन नंबर 08279 कोरबा-रायपुर पैसेंजर स्पेशल। 12 से 16 जुलाई तक ट्रेन नंबर 08210 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल शामिल है।

अलग खबर

### जब तक 10 हजार टिकटों का पैसा हुआ रिफंड

**खास बात**

- 11 से 16 जुलाई तक 21 यात्री ट्रेनों को किया गया है रद्द



### बारिश के दौरान बिजली गिरने की घटनाएं भी हो चुकी है छात्रावासों में

# ग्रामीण अंचलों में संचालित आश्रम छात्रावासों में तड़ित चालक की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में शहरी और ग्रामीण अंचलों को मिलाकर 183 आश्रम छात्रावास संचालित है। जिनमें अधिकांश ग्रामीण अचंलों में संचालित हैं। जहां बारिश के दौरान बिजली गिरने की सर्वाधिक घटनाएं होती है। ऐसी घटनाएं आश्रम छात्रावासों में भी हो चुकी है। उसके बावजूद विभाग आश्रम छात्रावासी छात्रों को प्राकृतिक आपदा से बचने के संबंध में प्रयास नहीं कर रहा है। आश्रम छात्रावासों तड़ित चालक लगाए जाने का प्रस्ताव हुआ था। जिसके तहत कुछ आश्रम छात्रावासों में ही तड़ित चालक लगाए गए हैं।

औद्योगिक जिले में बिजली गिरने की घटनाएं अन्य जिलों की अपेक्षा सर्वाधिक हो गई है। वनों से अच्छादित होने के कारण ग्रामीण अंचलों में बिजली गिरने की घटनाओं से लगातार जनहानि हो रही है। कई बार वनांचल क्षेत्रों में संचालित आश्रम छात्रावासों में भी आसमानी बिजली गिरने की घटनाएं हो चुकी है। आश्रम छात्रावास में निवास करने वाले छात्रों को बिजली गिरने जैसे प्राकृतिक आपदा से बचाने के संबंध में तड़ित चालक लगाने का प्रस्ताव तैयार हुआ था। उसके तहत दूरस्थ वनांचल में चलने वाले आश्रम छात्रावासों में तड़ित चालक पहले चरण में लगाए गए और उसके बाद यह कार्य बंद पड़ा हुआ है। तीन वर्ष पूर्व तड़ित चालक लगाने का काम विभाग द्वारा कराया गया था। उसके बाद से इस कार्य पर विभाग की ओर से केवल प्रस्ताव ही तैयार किए गए हैं उस पर अमल करने के संबंध में कोई काम नहीं हुआ है। आश्रम छात्रावास में बिजली गिने की घटनाओं से अधीक्षकों ने विभाग को अवगत भी कराया है। वर्तमान में डीएमएफ मद से शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्य हेतु राशि आबंटित की जा रही है। वहीं दूसरी ओर बिजली गिरने जैसी घटनाओं से छात्रावासों को बचाने के लिए डीएमएफ की राशि तड़ित चालक लगाने में खर्च नहीं हो रही है।

**खास बात**

- अधीक्षकों ने अपने विभाग को घटनाओं से कराया है अवगत




### ब्लॉक मुख्यालय से भी है अधिक दूरी

कई आश्रम छात्रावास की दूरी ब्लॉक मुख्यालय से भी अधिक है। जहां अधिकारी भी निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचते। यही कारण है कि ऐसे दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित आश्रम छात्रावासों की व्यवस्था बदहाल बनी रहती है। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के मोरगा, केंदई, पसान, कोरबी एवं पाली विकासखंड में ऐसे ही दूरस्थ क्षेत्रों में आदिम जाति कल्याण विभाग के आश्रम छात्रावास शामिल हैं। कोरबा विकासखंड अंतर्गत सतरेंगा, लेमरू, श्यांग जैसे दूरस्थ अंचल में उनका संचालन हो रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर यहां के अधीक्षकों ने भी तड़ित चालक के प्रस्ताव को लेकर विभाग को अवगत कराया था।

### कुछ आश्रम में लगे हैं

कुछ आश्रम छात्रावासों में पहले तैयार प्रस्ताव के अंतर्गत तड़ित चालक लगाए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों वाले आश्रम छात्रावासों को चिन्हांकित किया गया है। शासन से प्रस्ताव की स्वीकृति मिलने के बाद आगे कार्य किया जाएगा।

-**श्रीकांत कसेर,** सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग

# स्टॉफ की उपस्थिति के साथ समय पर हो मरीजों का उपचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां ओपीडी, मरीजों के वाड्र्स, प्रसव कक्ष, एक्स-रे कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, पैथोलॉजी लैब, सोनोग्राफी कक्ष सहित सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल में चिकित्सक सहित अन्य स्टॉफ की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए मरीजों का समय पर उपचार करने तथा अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाएं रखने के निर्देश बीएमओ को दिए।

कलेक्टर श्री वसंत ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपचार कराने आएं मरीजों से भी बात की और यहां उपचार व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं में वृद्धि करने और यहां की प्रमुख समस्याओं को दूर करने की बात कही। उन्होंने यहां प्रतिदिवस ओपीडी, आईपीडी, प्रसव, गर्भवती माताओं की जांच, टीकाकरण, सीजेरियन ऑपरेशन, अन्य ऑपरेशन, लैब जांच, आयुष्मान कार्ड बनाने इत्यादि की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीज से भोजन के संबंध में जानकारी लेते हुए बीएमओं को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन समय पर उपलब्ध कराते हुए इसका मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डेंटल, नेत्र विभाग, आयुर्वेदिक विभाग, जेनेरिक दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने प्रथम तल में बनाएं गए वार्ड तक मरीजों को लाने-ले जाने तथा सामग्री परिवहन में हो रही असुविधा को दूर करने लिफ्ट की सुविधा के संबंध में भी निर्देष दिए। सीएचसी में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वसंत को बीएमओ डॉ दीपक राज ने यहां उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। बीएमओं डॉ राज ने बताया कि यहां प्रसव की औसत संख्या 50 प्रतिमाह है जो सीएचसी के लिए 30 प्रति माह के अनुरूप है। वर्तमान में लगभग 50 प्रकार के टेस्ट होने, सेमी ऑटो एनालाइजर मशीन में 5 से 8 टेस्ट हार्ट, लीवर, किडनी के होने, प्रतिदिन 3 सौ से अधिक ओपीडी, माह में 50 के औसत से प्रसव, 15 के औसत से सीजेरियन ऑपरेशन, 10 के औसत से सीटीटी, एमटीपी ऑपरेशन एवं 10 के औसत से हार्निया, हाइड्रोसिल, फाइल्स, फिस्तुला सहित जनरल सर्जरी के ऑपरेशन की सुविधा है।

# डीएफओ, सीईओ, निगम आयुक्त सहित नोडल अधिकारी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों का कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर किया।

कलेक्टर ने स्वीप एवं मानव संसाधन, प्रषिक्षण के नोडल अधिकारी संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई सहित वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, अनुपम तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा, एसडीएम कटघोरा सरोज महिलांगे, एसडीएम पोड़ी-उपरोड़ा रोहित कुमार, एसडीएम पाली सुश्री रूचि शार्दुल, संयुक्त कलेक्टर मनोज बंजारे, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पी. आर. महादेवा, सांख्यिकी अधिकारी एम. एस. कंवर, एनआईसी डीआईओ हेमंत जायसवाल, पीडब्ल्यूडी के ईई जी. आर. जांगड़े, जिला शिक्षा अधिकारी टी. पी. उपाध्याय, उप संचालक खनिज प्रमोद नायक, जिला जनसंपर्क अधिकारी कमलज्योति जाहिरे, एसडीओ राम नरेश दुबे, सहायक संचालक सुश्री जुली तिर्की, उप अभियंता श्रीमती सीमा साहू, योगेश गोयल, श्रीमती उषा राजवाड़े, डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी, तुलाराम भारद्वाज, गौतम सिंह, जनपद सीईओ खगेश निर्मलकर, श्रीमती इंदिरा भगत, भूपेन्द्र सोनवानी, राजेन्द्र कंवर, यशपाल सिंह, तहसीलदार अमित केरकेट्टा, सत्यपाल प्रताप राय, विनय देवांगन, सूर्यप्रकाश केसकर, सुमन दास मानिकपुरी, लक्ष्मण राठिया, लीलाधर ध्रुव, महेष्वर सिंह उइके, डीएमसी मनोज पाण्डेय, आरटीओ विवेक सिन्हा, अधीक्षक भू-अभिलेख अमित झा, एसडीओ सतीष पाण्डेय, श्रीमती पूनम राज, श्रीमती पूजा अग्रवाल, सुश्री श्रद्धा चंद्रा सहित अन्य अधिकारी सम्मानित हुए।



सीईओ को सम्मानित करते कलेक्टर।

### स्कूल क मानिटरिंग करेंगे आयुक्त

**कोरबा।** कलेक्टर ने सुभाष ब्लॉक में निर्माणाधीन स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एनसीडीसी के कार्यों का अवलोकन किया। निर्माण कार्य समय पर पूर्ण नहीं किए जाने पर उन्होंने अलग से दिए गए चार माह की अवधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए काम समाप्त करने के निर्देश दिए। इस कार्य में लगे इंजीनियर को भी निर्देशित किया कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया जाए।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### युवक की हत्या...

प्रिजर्व कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के आला अधिकारियों की टीम विभिन्न पहलुओं को लेकर जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई है। जिस तरह से युवक की बांध में लाश मिली है इससे यह साफ है कि हत्यारे ने बेहद शातिराना अंदाज में उसकी हत्या कर बैग और बोरों में शरीर के अलग-अलग हिस्सों को काटकर बांध में लाश को ठिकाने लगाया गया है।

**शपथ पत्र**

मैं Farhat Ahmad W/o Bahauddin Ahmad वर्तमान निवासी एम.आई.जी. 2/116, आर एस एस नगर कोरबा तह व जिला कोरबा (छ.ग.) का होकर शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि :-

01. यह कि मेरे नाम पर ग्राम कोरबा तह व जिला कोरबा छ.ग. में भूमि खसरा नंबर 184/9 व 187/18 रकबा 0.026 हे. स्थित है जिसके बिक्रीनामा में मेरा नाम परहत अहमद दर्ज हो गया है।

02. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम फरहत अहमद दर्ज है।

03. यह कि फरहत अहमद व परहत अहमद दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम है अर्थात मेरे स्वयं के नाम है।

04. यह कि उक्त के संबंध में भविष्य में कोई विवाद या परेशानी आती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगा।

05. यह कि यह शपथपत्र उक्त आशय के संबंध में संबंधित विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु मेरे द्वारा निष्पादित किया जा रहा है।

**फरहत अहमद**
**शपथकर्ता**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील हरदीबाजार**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क./202305051600016/ब-121/2022-23
ग्राम-पूटा, प.ह.नं.- 03
तहसील- हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ०ग०)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक हरेश कंवर पति लाल बहादुर सिंह द्वारा ग्राम पुटा तहसील हरदीबाजार जिला कोरबा में स्थित भूमि खसरा नं. 8/1 रकबा 0.729 हे. की भूमि एसईसीएल में अर्जन हेतु प्रभावित भूमि है, उक्त भूमि के भूमि स्वामी लाल बहादुर सिंह, सुरेन्द्र कुमार, छोटेलाल पिता मोहन के नाम पर करतली ईस्ट परियोजना द्वारा अर्जन में दर्ज किया गया है, उक्त भूमि लाल बहादूर सिंह, सुरेन्द्र कुमार व मोहन के द्वारा खरीदी बैनामा से 19 जनवरी 1990 को क्रय किया गया है, इस भूमि में छोटेलाल पिता मोहन का नाम दर्ज हो गया है, जिसे विलोपित किये जाने के संबंध में आवेदन जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/भू अर्जन अधिकारी पाली जिला कोरबा से प्राप्त हुआ है। अर्जन के समय उक्त भूमि के खातेदार मैन्युअल बी-1 वर्ष 2010-11 के अनुसार लाल बहादुर पिता अनंद सिंह, सुरेन्द्र कुमार पिता मोहन सिंह, छोटेलाल पिता मोहन सिंह के नाम पर दर्ज था, जिसका खाता क्रमांक 575 है। आवेदित भूमि के सह भूस्वामी /सह खातेदार छोटेलाल को इस न्यायालय में आहूत होने नोटिस जारी किया गया था। परंतु आज पर्यन्त तक अनुपस्थित पाया गया है।

अतएव श्री छोटेलाल पिता मोहन निवास स्थान पुटा तहसील हरदीबाजार जिला कोरबा छ०ग० को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले में सुनवाई दिनांक 24/7/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से आहूत हो। नियत समयावधि बाद उपस्थित नही होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं आपकी होगी।

आज दिनांक 8/7/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद-मुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील हरदीबाजार**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

# मिशन क्लीन सिटी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सीपीआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने जिलाधिकारी को मिशन क्लीन सिटी नगर निगम में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। सीपीआई के जिला सचिव द्वारा ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मिशन क्लीन सिटी नगर निगम में सेवा दे रहे कर्मचारियों को साफ सफाई करने वाले कर्मचारी को वेतन, सेफ्टी सामान यूनिफॉर्म समय से नहीं दिया जा रहा है मई का वेतन 4 जुलाई को किया गया है, जबकि जून का वेतन आज दिनांक तक नहीं हुआ है, जिसके कारण कर्मचारीयों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि इस समय स्कूल खुल गया है और सभी के घर में बच्चों का एडमिशन, कॉपी, किताब एवं किसान परिवार से आने वाले के घर में खाद बीज के लिए पैसे की अत्यंत जरूरत पड़ती है। इन कर्मचारियों से पुरे महीने, तीसों दिन काम लिया जाता है कोई भी साप्ताहिक अवकाश नहीं दिया जाता है और किसी प्रकार की छुट्टी पर वेतन में कटौती किया जाता है। इन कर्मचारियों को पूरे महीने का वेतन 7 हजार 200 दिया जाता है, न्यूनतम वेतन से भी कम है किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा प्रदान नहीं किया जाता है शासन प्रशासन की बेरुखी चिंतनीय है। इतने कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों का वेतन, सेफ्टी सामान, यूनिफॉर्म समय से न मिलने इससे स्पष्ट है कि शान द्वारा उनके प्रति अमानवी रवैया अपनाया जा रहा है। न्यूनतम वेतन से कम पर नियुक्त कर महिला पुरुषों को बंधुआ मजदूर बनाने का गैर संवैधानिक कृत्य किया जा रहा है।



ज्ञापन सौंपते सीपीआई के सदस्य।

### दिगंबर जैन मंदिर का स्थापना दिवस संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जैन मिलन समिति ने बुधवारी बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर का स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थापना दिवस भगवान आदिनाथ का अभिषेक पूजन आदि कर अखंड भक्तांबर पाठ के साथ पूर्ण कर एवं भगवान आदिनाथ का भक्तांबर विधान के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान जैन समाज द्वारा गणाचार्य 108 श्री विराग सागर महाराज को विनियांजलि अर्पित की गई। इसके अलावा जैन मिलन समिति द्वारा पिछले वर्ष 2023-24 का वार्षिक बजट लेखा-जोखा बजट प्रस्तुत किया गया एवं मंदिर प्रांगण के विकास हेतु समाज के बीच चर्चा हुई। साथ ही पौधारोपण हेतु समाज के कई लोगों ने अपना योगदान देने हेतु सहमति प्रदान की। इस मौके पर संरक्षक ओमप्रकाश जैन, डॉ प्रदीप जैन, शांत कुमार जैन, अजीत लाल जैन, समिति के अध्यक्ष जेके जैन उपाध्यक्ष दिनेश जैन, तरुण नायक, मुकलेश जैन, शील चंद जैन, विशाल जैन आदि उपस्थित थे।

**कोरबा मार्केट**

**गुप्त रोग**
आयुर्वेद इलाज
के पुराने का इलाज किया जाता है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई**
**ITI KORBA**
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

